रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 494] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 15, 2016/आषाढ़ 24, 1938
No. 494] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 15, 2016/ ASADHA 24, 1938

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 जुलाई, 2016

सा.का.नि. 701(अ).—केन्द्रीय सरकार, आयुध अधिनियम, 1959 (1959 का 54) की धारा 44 के साथ पठित धारा 5, धारा 9, धारा 10, धारा 11, धारा 12, धारा 13, धारा 16, धारा 17, धारा 18, धारा 21 और धारा 41 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और आयुध नियम, 1962 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या किए जाने का लोप किया गया है निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

अध्याय 1

साधारण

1. **संक्षिप्त नाम**.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम आयुध नियम, 2016 है ।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं** – (I) इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

   (1) "अधिनियम" से आयुध अधिनियम 1959 (1959 का 54) अभिप्रेत है ;

   (2) "वायु शस्त्र" से ऐसी युक्ति अभिप्रेत है जो संपीड़ित वायु या अन्य गैस के दबाव के अधीन किसी नाल से प्रक्षेप्य किया जाता है किंतु जिसके अंतर्गत ऐसा करने के लिए कोई विस्फोटक प्रयोग नहीं किया जाता है ;

   (3) "पुरातत्व लघु आयुध" से 1899 से पूर्व विनिर्मित अग्नायुध अभिप्रेत है ;

   (4) "अपील प्राधिकरण" से नियम 105 में निर्दिष्ट अपीलीय प्राधिकरण अभिप्रेत है ;

   (5) "प्राधिकारी" या "अधिकारी" से जहां इन नियमों में अन्यथा विनिर्दिष्ट उपबंध है, के सिवाय जिला मजिस्ट्रेट या ऐसा अन्य अधिकारी जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किया जाता है ;

   (6) "स्वचालित" से कोई लघु आयुध या हल्के शस्त्र अभिप्रेत है जो कि प्रत्येक प्रक्षेपण के पश्चात् पुनः ऐसा शस्त्र सभी आवश्यक प्रक्रमों को स्वतः क्रिया करके पुनः गोलाबारी के लिए तैयार हो जाता है ; और गोलाबारी तबतक के लिए

जारी रहता है तब तक कि ट्रिगर (या अन्य सक्रियकरण युक्ति) अवनत बना रहती है (माना जाता है कि गोला बारूद शेष रहता है और उसके जाम होने की घटना ही नहीं होती है) तथा कोई स्वचालित आयुध फायर चैंबर से खाली कारतूस को निकालने और फायर कारतूसों से ऊर्जा के किसी भाग के उपयोग के लिए और उसको आयुध से निकालने, फायर क्रियाविधि को पुनः काकन करने और फायर चैंबर में पुनः भरणयुक्त या मेगजीन से गोलाबारूद के नए राउंद को भरण करने तथा यदि ट्रिगर या अन्य संक्रियति युक्ति अवनमित है, फायर पिन स्वतः नए फायर चक्र के प्रारंभ को निर्मुक्त कर देगी ;

(7) "फोका कारतूस" से किसी गोली या कोई अन्य प्रक्षेप्य के बिना कारतूस अभिप्रेत है ;

(8) "फोका फायर अग्नायुध" से किसी फोका कारतूस को फायर करने के लिए सक्षम अग्नायुध अभिप्रेत है ;

(9) "गोली" से कारतूस का शंकु शीर्ष अभिप्रेत है जो सामान्यतः शीशे या तांबे का बना होता है, वह विस्फोटक प्रभार या संपीड़ित वायु या अन्य गैस के माध्यम से नाल या सिलेंडर से बाहर निकालता है ;

(10) "अंशाकन" से इंच या मिलीमीटर या भूमैट्रिक परिधि में नाप की गई किसी अग्नायुध के नाल की नली के आंतरिक व्यास या नालछिद्र अभिप्रेत है ;

(11) "वहन करना" से लघु आयुध जिसमें किसी एक व्यक्ति की सामीप्य पर या उसके बारे में या उसको रखना अभिप्रेत है ;

(12) "कारतूस" से किसी कारतूस खोल प्राइमर, प्रणोदी, गोली या कोई एकल या बाहुल्य प्रक्षेप्य से बनी एक पूर्ण वस्तु अभिप्रेत है ;

(13) "चार्टर्ड अकाउंटेंट" से चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ख) में यथा परिभाषित चार्टर्ड अकाउंटेंट अभिप्रेत है जो उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन व्यवसाय के लिए विधिमान्य प्रमाणपत्र रखता है ;

(14) "कंपनी" का वही अर्थ होगा जो अधिनियम की धारा 33 के अधीन स्पष्टीकरण में है ;

(15) अग्नायुध का "संपरिवर्तन" से किसी अग्नायुध के अंशाकन या नालछिद्र में स्थायी परिवर्तन से संदर्भ है और जिसके अंतर्गत किसी नाल को हटाने या पुनः संरेखण करना या पुनः भेदन करना जो किसी चैंबर को समग्र या पृथक रूप रखता है, सिलेंडर के परिवर्तन और/या नली या उससे संबंधित भाग तथा कार्रवाई के विन्यास में परिवर्तन या किसी अग्नायुध की क्रियाविधि में परिवर्तन किंतु इसके अंतर्गत किसी अनुज्ञेय प्रवर्ग के अग्नायुध को निषिद्ध प्रवर्ग के अग्नायुध में परिवर्तन नहीं है ;

(16) "सैनिक उपयोग के लिए" रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा नियत विनिर्देश के अनुसार विनिर्मित या संरूपण से किसी अग्नायुध या गोला बारूद (लघु आयुध और हल्के हथियार से भिन्न) अभिप्रेत है ;

(17) "दुर्लभ वस्तु" से वर्तमान तारीख से कम से कम पचास वर्ष पूर्व विनिर्मित या किसी सरकारी विनियमित संग्रहालय के किसी संग्रहालयाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित लघु आयुध अभिप्रेत हैं या उक्त युक्ति की कम से कम उसकी धनीय मूल्य का कम से कम आधा है तथ्य यह है कि यह एक विलक्षण या दुर्लभ, अनोखा या किसी ऐतिहासिक व्यक्ति, अवधि या घटना से सहबद्ध है या जिसके अंतर्गत कोई पुरातत्व लघु आयुध भी है ;

(18) "निष्क्रियकरण" से किसी विस्फोटक कार्रवाई द्वारा किसी गोला, गोली, मिसाइल या कोई अन्य प्रक्षेप्य को बाहर फेंकने या उसे छोड़ने में सक्षम किसी लघु आयुध या हल्के शस्त्र को प्रस्तुत करना अभिप्रेत है और जिसे तत्काल अपनी मूल क्षमता में परिवर्तित नहीं किया जा सकता तथा वह उसे किसी प्रत्यायित गन बनाने वाले या किसी सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा निष्क्रिय के रूप में प्रमाणित या चिह्नित किया गया है ;

स्पष्टीकरण – निष्क्रियकरण से अपेक्षित है कि लघु आयुध या हल्के अग्नायुध के सभी दाब रखने वाले सभी अवयव इस तरह से स्थायी रूप से परिवर्तित कर दिए जाए कि अग्नायुध उपयोग करने योग्य न रहे और जिसके अंतर्गत नाल, कावला, सिलेंडर, संपर्क फायरिंग पिन और अभिग्राही या फ्रेम का उपांतरण भी है।

(19) "व्यवहारी" से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो व्यापार या कारबार, क्रय, विक्रय, परीक्षण (पूर्ण परीक्षण से भिन्न), निर्यात, आयात या अंतरण या विक्रय के लिए रखने या आयुध या गोला बारूद परीक्षण (पूर्ण परीक्षण से भिन्न) के

द्वारा लगा है और जिसके अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण (भा.खे.प्रा.), नेशनल राईफल एसोसिएशन आफ इंडिया (ने.रा.ए.इ.) और ने.रा.ए.इ. से सहबद्ध स्टेट राईफल एसोसिएशन या ने.रा.ए.इ. की सहबद्ध इकाईयां भी हैं ;

(20) "समर्पित खेल व्यक्ति" से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो सक्रिय रूप से खेल निशानेबाजी में भाग लेता है और जो किसी निशानेबाजी प्रत्यायित खेल निशानेबाजी संगठन का सदस्य है ;

(21) "इलैक्ट्रानिक निर्योग्यता कारक युक्ति" से संपीड़ित गैस द्वारा प्रणोदी इलैक्ट्रोड प्रक्षेपी फायर करने के लिए कोई सक्षम इलैक्ट्रानिक युक्ति अभिप्रेत है जो मुख्य इकाई से या किसी सुचालक तार द्वारा युक्ति से जुड़ा रहता है और लक्ष्य को अस्थायी रूप से तंत्रिका पेशी को असमर्थ कारित करता है ;

(22) "सरकारी आयुध" से कोई अग्नायुध या कोई अन्य हथियार अभिप्रेत है जो सरकार की संपत्ति है ; और

"सरकारी गोला बारूद" से ऐसे किसी सरकारी कारखाने में विनिर्मित या नागरिक उपयोग के लिए सरकार द्वारा निर्मुक्त ऐसा गोला बारूद से भिन्न सरकार के लिऐ तैयार और उसे प्रदाय गोला बारूद अभिप्रेत है ;

(23) "बंदूक बनाने वाला" से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो अग्नायुध की छोटी या बड़ी मरम्मत के कार्य को करता है और अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के अधीन किसी अग्नायुध के अंशाकन या नली की लंबाई में परिवर्तन कर सकेगा या ऐसे अन्य कार्यों को कर सकेगा जो अनुज्ञप्ति प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाए ;

(24) "हस्त बंदूक" से ऐसा छोटा ढांचा अभिप्रेत है जिसका कोण और लघु हत्थे के साथ नली की पंक्ति से नीचे विस्तारित है कि जिसे एक हाथ से पकड़ने के लिए और फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है तथा जिसके अंतर्गत पिस्टल और रिवाल्वर भी है ;

(25) "अभिवहन में" से अग्नायुध या गोला बारूद जो आयातित है, के किसी अन्य देश को भारत के माध्यम से प्रवहण अभिप्रेत है ;

(26) "अग्नायुध" प्रतिकृति" से कोई वस्तु किसी अग्नायुध की सदृश्य डिजाइन की हुई कोई वस्तु अभिप्रेत है जिससे कि सभी प्रायोगिक प्रयोजनों के लिए यह प्रतीत हो कि वह वास्तविक है और जिसे निष्क्रिय बना दिया गया है;

(27) "प्ररूप" से इन नियमों की अनुसूची 3 में दिया गया कोई प्ररूप अभिप्रेत है ;

(28) "हल्के हथियार" से किसी कर्मीदल के रूप में सेवारत दो या तीन व्यक्तियों द्वारा उपयोग के लिए डिजाइन किया गया मनुष्यों द्वारा वहनीय हथियार अभिप्रेत है (यद्यपि उसे एक व्यक्ति द्वारा भी वहन या उपयोग किया जा सकता है) कि वह निष्कासित या छोड़ा जाता है, निष्कासित या छोड़े जाने के लिए डिजाइन किया गया है या किसी विस्फोटक क्रिया द्वारा किसी गोले, गोली या प्रक्षेप्य को निष्कासित करने या छोड़ने को त्वरित रूप से परिवर्तित किया जा सकेगा जिसके साथ-साथ भारी मशीनगन, नली के अधीन हाथ में पकड़ने वाली और आरूढ़ ग्रेनेड प्रमोदित, वहनीय, विमान मेदी तोप स्कीम, प्रतिक्षेप रहित राइफल, टैंकरोधी मिसाइल और राकेट प्रमोदित वहनीय प्रणाली, विमान मेदी तोप मिसाइल वहनीय प्रमोदित प्रणाली, सौ मिलीमीटर से कम किसी अंशाकन के मोर्टार के साथ-साथ उनके पुर्जे, घटक और गोला बारूद भी है ;

(29) "मुख्य अग्नायुध घटक" से किसी अग्नायुध की नली, फ्रेम, स्लाईड, बोल्ट या ब्रीच ब्लाक अभिप्रेत है ;

(30) "विनिर्माता" से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो अग्नायुध के विनिर्माण, विक्रय, परीक्षण (प्रमाण परीक्षण से भिन्न), निर्यात, आयात या अंतरण या विक्रय के लिए रखने या अग्नायुध उनके पुर्जों, घटकों या या गोला बारूद या अग्नायुध से भिन्न कोई आयुध के परीक्षण (प्रमाण परीक्षण से भिन्न) में लगा है ;

(31) "विनिर्माण" से निम्नलिखित का निर्माण करना, उत्पादन करना या संयोजित करना अभिप्रेत है :-

(i) कोई पूर्ण अग्नायुध ;

(ii) किसी अग्नायुध के दबाव धारण करने वाले भाग या अवयव (उदाहरणार्थ नली, स्लाईड, सिलेंडर, बोल्ट, बीचलॉक, फायर पिन, आदि) ;

(iii) अग्नायुध के लिए गोला बारूद ;

(iv) किसी अग्नायुध से भिन्न कोई आयुध, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित है-

(i) किसी निष्क्रिय अग्नायुध को पुनः सक्रिय करना ; और

(ii) किसी अग्नायुध के प्रत्ययों को सारतः उपांतरित करना (जैसे पूर्ण स्वचालित में संपरिवर्तन) किंतु जिसके अंतर्गत निम्नलिखित नहीं है –

(i) किसी अग्नायुध की मरम्मत, पुनर्स्थापन, अनुरक्षण या कोस्मेटिक परिवर्धन या उपांतरण ; या

(ii) किसी गोला बारुद का वाणिज्यिक पुनः लदाई ;

(32) "चिह्नाकंन" से अग्नायुधों, गोला बारूद और गोला बारूद की पैकिंग पर स्थायी उत्कीर्ण अभिप्रेत है जिससे उनकी पहचान अनुज्ञात हो सकें ;

(33) "नाल मुख ऊर्जा" से किसी प्रक्षेपित की गतिज ऊर्जा अभिप्रेत है जैसे यह किसी अग्नायुध की नली से बाहर निकलती है और इसे जूल्स या फुट-पाउंड में अभिव्यक्ति किया जाता है ;

(34) "एनडीएएल" से शस्त्र अनुज्ञप्तियों का राष्ट्रीय डाटा बेस अभिप्रेत है;

(35) "पेंट बाल" से ऐसा प्रक्षेपित्र (गोलाकार जिलेटिन कैप्सूल) अभिप्रेत है जो मुख्यतः जल में घुलनशील अविषैले पदार्थों से और रंजक से मिलकर बना है जिसे किसी व्यक्ति या वस्तु को चिह्नाकिंत करने के लिए डिजाइन किया गया है ;

(36) "पेंट-बाल चिह्नक या पेंट-बाल बंदूक" से ऐसी युक्ति अभिप्रेत है जो पेंट बालों को गैस के फैलने या वायु के संपीड़न के माध्यम से दागने में सक्षम है चाहे उसे यांत्रिक रूप से या वैद्युत-न्यूमैटिकली रूप से प्रचालित किया जाए ;

(37) "हिस्से और संघटक" से ऐसा कोई तत्व या प्रतिस्थापन तत्व अभिप्रेत है जिसे विनिर्दिष्ट रूप से किसी अग्नायुध के लिए डिजाइन किया गया है और वह उसके प्रचालन के लिए अनिवार्य है तथा इसके अंतर्गत कोई नाल, फ्रेम या रिसीवर, स्लाईड या सिलेंडर, बोल्ट या ब्रीच ब्लॉक और कोई युक्ति जिसे दागने के द्वारा कारित किसी ध्वनि के समरूप होने के लिए या उसे कम करने के लिए डिजाइन किया गया है, सम्मिलित है ;

(38) "पिस्टल" से उसके अभिन्न भाग के रूप में चैंबर सहित या नली के समरूप स्थायी रूप से उसके भाग सहित कोई हस्तगन अभिप्रेत है ;

(39) "पत्तन" के अतंर्गत कोई समुद्री पत्तन, कोई विमानपत्तन और कोई भूमि पत्तन सम्मिलित है ;

(40) "रिम रहित" से कोई कारतूस अभिप्रेत है जहां रिम का वही न्यास है जो उसके केस का है तथा जिसका उपयोग अग्नायुध में किसी बाक्स मैगजीन से फीड के रूप में किया जाता है;

(41) "रिम युक्त कारतूस" से ऐसा रिम युक्त कारतूस अभिप्रेत है जहां रिम का व्यास महत्वपूर्ण रूप से कारतूस के आधार से अधिक है और रिम चैंबर में समुचित गहराई पर कारतूस को धारण करने में इस्तेमाल किया जाता है ;

(42) "रिवाल्वर" से ब्रीच लोडिंग, चैंबर युक्त सिलेंडर के साथ कोई हस्तगन अभिप्रेत है जिनका इस प्रकार प्रबंध किया जाता है कि हथौड़ा मारने या ट्रिगर को दबाने से सिलेंडर घूमता है और अगले कारतूस को दग्ध करने के लिए नाल की सीध में ले आता है ;

(43) "मरम्मत" से अग्नायुध की गौण या प्रमुख मरम्मत अभिप्रेत है –

'लघु मरम्मत' के अंतर्गत निम्नलिखित है-

(i) सफाई और पुनः फिनिशिंग करना, सिल्गंस फिक्स करना, रिक्वाइलपैड, पूर्व फैब्रीकृत स्टॉक का प्रतिस्थापन, साधारण उपसाधन, परिरक्षक पैकेजिंग करना और अग्नायुध और उसके संघटकों से सही या सुरक्षित कार्यकरण का सुनिश्चिय करना ;

(ii) अनुरक्षण और सुरक्षित कार्यकरण के प्रयोजन के लिए किसी अग्नायुध (जिसके अंतर्गत नाल या रिसीवर या फ्रेम या ब्रीच बॉडी या बोल्ट नहीं है) के पुराने क्षतिग्रस्त, टूटे-फूटे, खराब हुए या छोड़े गए भाग की फैब्रीकेशन या प्रतिस्थापन ;

(iii) स्टॉक, ग्रिप (बट्ट स्टॉक) और अन्य भागों का चिह्नाकंन तथा प्रतिस्थापन ;

(iv) पूर्ण की गई नाल कार्रवाई, फैब्रीकेशन, फिटिंग या आप्टिक का समायोजन, साइट और अन्य संघटक आदि के कार्य को करने के माध्यम से अग्नायुध्र की सटीक कार्रवाई या सुरक्षित कार्यकरण का सुनिश्चय करना जिसके अंतर्गत परीक्षण फायरिंग भी है ;

(v) उप साधनों का निर्माण और प्रतिस्थापन तथा फैब्रीकेटेड भागों को ट्यून करना ।

'प्रमुख मरम्मत' द्वारा महत्वपूर्ण भागों के प्रचालनों की प्रमुख और गौण गहन मशीनीकरण की अपेक्षा है और इसके अंतर्गत निम्नलिखित है-

(i) मरम्मत या संपरिवर्तन के प्रयोजन के लिए महत्वपूर्ण भागों पर कार्य करना जिसके अंतर्गत नाल और एक्शन (नाल का पुनः बोरिंग करना या पुनः चैंबरिंग करना या पुनः प्रतिस्थापन करना या नाल को पुनः बनाना, रिसीवरों या फ्रेमों, बोल्ट, स्लाईड, सिलेंडर, ब्रीच आदि और अन्य संघटकों की पुनः मशीनिंग करना) शामिल है ;

(ii) ट्रिगरों, सेफ्टी का लघुकरण, संपरिवर्तन और उन पर कार्य करना तथा अग्नायुधों की साधारण सुरक्षा जांच जिसके अंतर्गत मरम्मत किए गए या संपरिवर्तित किए गए अग्नायुधों को दागना या उनकी जांच करना सम्मिलित है ।

44. "उत्तरदायी व्यक्ति" से किसी कंपनी की दशा में कंपनी द्वारा आयुधों की अनुज्ञप्ति के आवेदन में नामनिर्दिष्ट व्यक्ति अभिप्रेत है ;

45. "राइफल" से लघु शस्त्र अभिप्रेत है जिसे किसी विस्फोटक कार्रवाई के माध्यम से राइफल के नाल से कंधे का सहारा लेते हुए और दोनों हाथों से पकड़ कर एकल प्रक्षेपित्र छोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है ;

46. "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

47. "चयनित फायर" से किसी छोटे शस्त्र या हल्के आयुध्र की क्षमता अभिप्रेत है जिसे निम्नलिखित माध्यम से दो या अधिक तरीके से फायर करने के लिए समायोजित किया जा सकता है :

(i) अर्ध स्वचालित (अर्थात् एक बार ट्रिगर दबाने पर एक शॉट) ;

(ii) बहु शॉट बर्स्ट (अर्थात् एक बार ट्रिगर दबाने पर निश्चित संख्या में शॉट) ; या

(iii) स्वचालित (अर्थात् ट्रिगर को दबाए रखने पर लगातार फायर) ।

(48) "स्वतः भरण" से अर्धस्वचालित अभिप्रेत है ;

(49) "अर्ध स्वचालित" से ऐसा छोटा शस्त्र या लघु आयुध अभिप्रेत है जो एक बार चलाने पर स्वतः आयुध को दोबारा चलाने के लिए सभी आवश्यक प्रस्तरों को पूरा करता है किंतु जिसे गोला बारूद के प्रत्येक राउंड को चलाने के लिए ट्रिगर को पृथक् रूप से दबाने की आवश्यकता होती है ;

(50) "शॉटगन" से छोटा शस्त्र अभिप्रेत है जिसे विस्फोट के माध्यम से सपाट बोई नाल के माध्यम से कंधे की सहायता से दोनों हाथों से पकड कर शॉट या एकल प्रक्षेपित्र छोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है ;

(51) "लघु शस्त्र" से मानव-सुवाह्य आयुध अभिप्रेत है जिसे व्यष्टिक उपयोग (12.7मिलीमीटर कैलीबर तक) के लिए डिजाइन किया गया है जो गोली छोड़ता है या दागता है और उसे छोड़ने या दागने के लिए डिजाइन किया गया है या जिसे तैयार रूप से किसी शॉट, गोली या प्रक्षेपित्र को किसी विस्फोटक कार्रवाई के माध्यम से छोड़ने या दागने के लिए संपरिवर्तित किया जा सकता है और इसके अंतर्गत अन्य के साथ रिवाल्वर और सेल्फ लोडिंग पिस्टल, राइफल और कार्बाइन, सब-मशीनगन, असाल्ट राइफल और हल्की मशीनगनों के

साथ उनके हिस्से, संघटक और गोला बारूद शामिल है किंतु इसके अंतर्गत पुरातन लघु आयुध और अग्नायुध की प्रतिकृति शमलित नहीं है ।

टिप्पण:
शॉटगन, क्रीडा राइफलें और नालमुख लोडिंग ब्लैच पाउडर अग्नायुध तथापि 12.7 मिलीमीटर कैलीबर के अधिक के हों, भी लघु आयुधों के अधीन आते हैं ;

(52) "क्रीडा के लिए निशानेबाजी" से प्रतिस्पर्धी और मनोरंजन क्रीडाएं अभिप्रेत है जिसमें अग्नायुधों, गोलाबारूद और लक्ष्यों के अनुज्ञेय प्रवर्ग का इस्तेमाल करते हुए दक्षता जांच (सटीकता और गति) अंतर्वलित है ;

(53) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ;

(54) "व्यापार अंतरण" से किसी विनिर्माता और किसी व्यौहारी के बीच या किसी व्यौहारी और अन्य व्यौहारी के बीच कारबार के सामान्य प्रक्रम में आयुधों या गोला बारूद का विक्रय या अंतरण अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत किसी पारेषण के आधार पर विक्रय या अंतरण भी है ;

(55) "उतारना" से कोई नोदक, प्रक्षेपित्र या कारतूस अभिप्रेत है जिसे किसी अग्नायुध से चलाया जा सकता है जो किसी अग्नायुध के ब्रीच या फायरिंग चैंबर में और न ही किसी अग्नायुध से संबद्ध कारतूस, मैगजीन या सिलेंडर में अंतर्विष्ट है या किसी अग्नायुध में अंतःस्थापित है ;

(56) "अग्नायुध का उपयोग" के अंतर्गत प्रदर्शन करना, निशाना लगाना के साथ-साथ किसी अग्नायुध के कार्यशील भागों से छेड़छाड़ सम्मिलित है किंतु इसके अंतर्गत साफ करना या अनुरक्षण करना नहीं है ;

(57) "वि.पं.स." से इन नियमों के अधीन किसी अनुज्ञप्ति के लिए एनडीएएल द्वारा सृजित विशिष्ट पहचान संख्या अभिप्रेत है ;

(II) शब्द और पद जो इन नियमों में प्रयुक्त है किंतु परिभाषित नहीं है का क्रमशः वहीं अर्थ होगा जो उनका अधिनियम में है ।

3. **आयुधों और गोलाबारूद का वर्गीकरण** – अधिनियम के और इन नियम के प्रयोजनों के लिए आयुध और गोलाबारूद अनुसूची 1 के क्रमशः स्तंभ 2 और स्तंभ 3 में विनिर्दिष्ट प्रवर्ग के होंगे तथा इन नियमों में आयुधों या गोलाबारूद के किसी प्रवर्ग के प्रतिनिर्देश का तद्नुसार अर्थ लगाया जाएगा ।

4. **अग्नायुधों से भिन्न आयुधों के लिए अनुज्ञप्ति और धारा 4 का लागू होना** – (1) जब तक कि केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अन्यथा निदेश दे, अनुसूची 1 के प्रवर्ग 5 के आयुधों के विनिर्माण, विक्रय, विक्रय के लिए कब्जे के लिए सिवाय धारा 4 के अधीन अधिसूचित क्षेत्रों के कोई अनुज्ञप्ति अपेक्षित नहीं होगी ।

(2) अधिनियम की धारा 4 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किसी क्षेत्र में, उस क्षेत्र में ऐसे वर्ग या विवरण जो उस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाए, में हथियारों के अर्जन, कब्जे या ले जाए जाने के लिए अनुसूची 2 में यथाउपबंधित अनुसार अनुज्ञप्ति ऐसी शर्तें के अधीन रहते हुए जो उन नियमों में, उस अनुसूची में और अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट की जाए, अनुदत्त की जा सकेगी या उस पर नवीकरण किया जा सकेगा ।

अध्याय 2

अनुज्ञापन प्रक्रिया

5. **अनुज्ञापन प्राधिकारी** – अधिनियम के अध्याय 2 के अधीन अनुज्ञप्तियां ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो इन नियमों, उस अनुसूची और अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट की जाए, ऐसे प्रयोजनों के लिए, ऐसे प्राधिकारियों द्वारा और ऐसे प्ररूपों में अनुदत्त की जा सकेगी या उनका नवीकरण किया जा सकेगा और वह ऐसी अवधि के लिए ऐसे क्षेत्रों में विधिमान्य होंगी जो अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट हैं :

परंतु अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुदत्त या नवीकृत अनुज्ञप्तियों पर उस प्राधिकारी के अधीनस्थ ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जा सकेंगे जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट रूप से सशक्त किया जाए ।

6. **अनुसूची 1 के प्रवर्ग 1 के आयुधों के अर्जन, कब्जे या उनके वहन के लिए अनुज्ञप्तियां अनुदत्त करने पर निबंधन** – अनुसूची 1 के प्रवर्ग 1(ख) या 1(ग) में विनिर्दिष्ट आयुधों या गोलाबारूद को अर्जित करने, रखने या ले जाने के लिए कोई अनुज्ञप्ति अनुदत्त नहीं की जाएगी, यदि उन्हें भारत में विधिक रूप से विनिर्मित नहीं किया गया है या भारत में विधिक रूप से नहीं

रखा गया है अथवा विधिक रूप से आयात नहीं किया गया है या भारत में केंद्रीय सरकार की स्वीकृति से आयात नहीं किया जा रहा है ।

7. **अनुज्ञप्ति प्राधिकारियों द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को सूचना देना**– (1) अनुसूची 1 के प्रवर्ग 1(ख) या 1(ग) में विनिर्दिष्ट आयुधों या गोलाबारूद के लिए अनुदत्त प्रत्येक अनुज्ञप्ति की प्रति तुरंत उस स्थान के जिला मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी जिसमें आयुध या गोलाबारूद रखा जाना है ।

(2) जिला मजिस्ट्रेट से भिन्न किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा किसी प्ररूप में अनुदत्त अन्य प्रत्येक अनुज्ञप्ति की प्रति तुरंत उस क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी जिसमें अनुज्ञप्ति धारी का कारबार या आवास स्थित है ।

(3) उपनियम (1) और उपनियम (2) के अधीन अनुदत्त अनुज्ञप्तियों की सूचना उस स्थान पर अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट को एनडीएएल प्रणाली के माध्यम से भेजी जाएगी जिसमें अनुज्ञप्ति धारी का कारबार का स्थान या आवास स्थित है ।

8. **कतिपय प्रयोजनों के लिए आयुधों या गोलाबारूद के कब्जे में उनके उपयोग को शामिल करना** – निम्नलिखित आयुधों या गोलाबारूद का प्रत्येक के सामने वर्णित प्रयोजनों के लिए कब्जे में ऐसे प्रयोजनों के लिए उनका उपयोग केवल तभी शामिल है जब ऐसे उपयोगों, ऐसे किन्हीं आयुधों या गोलाबारूद का विनिर्माण (जिसके अंतर्गत विस्फोटक और आतिशबाजियां शामिल है) अंतर्वलित नहीं है :-

(क) नाटकीय प्रस्तुति, ऐतिहासिक घटनाओं की पुनरावृत्ति, ऐतिहासिक अनुसंधान (जिसके अंतर्गत प्रस्तुति का मूल्यांकन हैं), चलचित्र या टेलीविजन निर्माण या दौड़ आरंभ करने के लिए या दौड़-कूद स्पर्धा के लिए संकेतक और सुरक्षा उपस्कर जिसके अंतर्गत संकेत प्रदीप्त गन, रेखीय क्षेपण गन और हिमधावी तोप आदि के लिए आयुध ;

(ख) गोला बारूद जिसके अंतर्गत सदभावी औद्योगिक, कृषि या चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए गंधक और क्लोरेट भी है, के संघटक ।

9. **कतिपय मामलों में केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्बंधन**- राज्य से बाहर प्रभाव देने के लिए कोई अनुज्ञप्ति जिसे वह प्रदान करता है ऐसे निर्बन्धनों के अधीन होगी जिसे केन्द्रीय सरकार साधारण या विशेष आदेश द्वारा अधिरोपित कर सकेगी ।

10. **अग्नायुध के सुरक्षित उपयोग और भंडारण** – (1) प्रत्येक आवेदन प्ररूप 2, प्ररूप 3 और प्ररूप 4 में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करेगा या कोई राइफल क्लब या संगम या ऐसे क्लब, संगम या फायर रेंज द्वारा नियोजित कोई कर्मचारिवृंद प्ररूप 5 में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करें ; या विनिर्माता या व्यवहारी या बंदूक बनाने वाला प्ररूप 7, प्ररूप 8, प्ररूप 9 या प्ररूप 9क में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करेंगे, आयुध और गोला बारूद की पूर्ण सुरक्षा, प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम की अपेक्षा होगी जिसके अंतर्गत निम्नलिखित है –

(क) मूल आयुध और गोला बारूद सुरक्षा व्यवहार जिसके अंतर्गत सुरक्षित हथालन और वहन प्रक्रियाएं भी है ;

(ख) फायर करने की तकनीक और प्रक्रिया ;

(ग) अग्नायुध और गोला बारूद की देखरेख ;

(घ) आयुध और गोला बारूद का सुरक्षित भंडारण और परिवहन ;

(ङ) अधिनियम और उसके नियमों के महत्वपूर्ण उपबंधों की युक्तियुक्त कार्यकारी ज्ञान ; और

(च) आयुध स्वामी या उपयोगकर्ता के उत्तरदायित्व विशिष्टतया बालकों के संबंध में ।

(2) नियम 39 के अधीन अनुज्ञप्ति रखने वाले प्रत्यायित प्रशिक्षण या मुख्य प्रत्यायित प्रशिक्षक द्वारा संचालित उपनियम (1) के अधीन सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जो प्ररूप ध-1 में आवेदक को प्रमाणपत्र उक्त पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर जारी करेगा ।

(3) केन्द्रीय सरकार, उपनियम (1) में यथा अभिकथित सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की प्रभावी तारीख और अवधि इस संबंध में किसी साधारण या विशेष आदेश द्वारा अधिसूचित की जाएगी ।

(4) प्ररूप 2, प्ररूप 3 और प्ररूप 4 में अनुज्ञप्ति के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित होंगे -

(क) लिखित वचनबंध कि आवेदक जोखिम को न्यूनतम करने के क्रम में, अग्नायुध को निश्चित रूप से और सुरक्षापूर्वक किसी तिजोरी या लोहे की अलमारी में भंडारण की क्षमता रखता है कि जिससे कि वह अनुज्ञप्तिधारी से भिन्न किसी अन्य व्यक्ति द्वारा चुराया या पहुंच में न हों ; और

(ख) अग्नायुध (अपविस्फोटक दशा में) और उसका गोला बारूद के भंडारण के सुरक्षित भंडारण के व्यवसाय का और प्ररूप ध-2 में अग्नायुध और गोला बारूद के साथ पारस्परिक क्रिया के खतरों के बारे में बालकों को शिक्षित करने का लिखित वचनबंध देगा ।

(5) किसी अनुज्ञप्ति को प्रदान करने या उसके नवीकरण के लिए उत्तरदायी अनुज्ञापन अधिकारी, कंपनी, व्यवहारी, बंदूक बनाने वाले और विनिर्माता के परिसरों का आवधिक निरीक्षण करेंगे जहां सुरक्षित अनुपालन के क्रम में आयुध और गोलाबारूद भंडारण किया जाता है ।

11. **अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन** – (1) इन नियमों के अधीन किसी अनुज्ञप्ति को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक आवेदन

(क) अनुज्ञप्ति के प्रवर्ग को लागू उपयुक्त प्ररूप क-1 से प्ररूप क-14 में प्रस्तुत करेगा ;

(ख) आवेदक द्वारा जहां तक संभव हों, उस स्थान के संबंध में जहां वह सामान्यतः निवास करता है या उसका अधिभोग है, की अधिकारिता रखने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी को आवेदन व्यक्तिगत रूप से या पोस्ट आफिस के माध्यम से या इलैक्ट्रानिकली या अन्यथा भेजी जा सकेगी या प्रस्तुत की जा सकेगी ।

(2) जहां नियम 98 में यथा उपबंधित किसी अन्य प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाणपत्र की अपेक्षा है, ये कथन जहां कि ऐसा प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाता है और यदि साक्ष्य द्वारा आवेदक की या तो भौतिक रूप में या विशिष्टयां विशिष्ट पहचानपत्र संख्यांक के लिए एनडीएएल प्रणाली द्वारा इलैक्ट्रानिकली उत्पन्न पुष्टिकरण साक्ष्य द्वारा समर्थित है ।

(3) इन नियमों में अध्याय 3 के अधीन विशेष प्रवर्ग के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रत्येक आवेदन उक्त अध्याय में उन प्रवर्गों के लिए विनिर्दिष्ट ऐसी अतिरिक्त अपेक्षाओं के अधीन होगा ।

(4) प्ररूप 2, प्ररूप 3 या प्ररूप 4 में अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए किसी व्यष्टिक द्वारा प्ररूप क-1 में जमा किए गए प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होंगे, अर्थात् :-

आवेदन की नवीनतम फोटो की पासपोर्ट आकार की चार प्रतियां (सफेद पृष्ठभूमि में) ;

(क) जन्म तिथि का सबूत ;

(ख) पहचान का सबूत –

(i) आधार कार्ड ; या

(ii) आधार कार्ड न रखने वाले आवेदकों की दशा में शपथपत्र के प्ररूप में लिखित घोषणा करेगा जिसके साथ कोई वैकल्पिक पहचान पत्र के साथ जिसके अंतर्गत पासपोर्ट या मतदाता पहचान पत्र या स्थायी लेखा संख्यांक (पेन) कार्ड या नियोजक द्वारा जारी पहचान पत्र भी है ;

(iii) छूट प्राप्त खेल व्यक्तियों की दशा में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम द्वारा जारी निशानेबाज पहचान पत्र ।

(घ) आधार कार्ड या पासपोर्ट नहीं रखने वाले आवेदक की दशा में निवास सबूत जो निम्नलिखित हो सकेगा -

(i) मतदाता पहचान पत्र ; या

(ii) विद्युत बिल ; या

(iii) लैंडलाइन टेलीफोन बिल ; या

(iv) किराया विलेख या पट्टा विलेख या संपत्ति दस्तावेज ; या

(v) अनुज्ञप्ति प्राधिकारी के समाधानप्रद रूप में कोई अन्य दस्तावेज

(ङ) नियम 10 के उपनियम (4) में निर्दिष्ट अग्नायुध के सुरक्षित उपयोग और भंडारण के लिए वचनबंध ;

(च) नियम 12 के उपनियम (3) के खंड (क) में निर्दिष्ट वृत्तिक प्रवर्ग के आवेदक के लिए शैक्षणिक और वृत्तिक अर्हताओं के प्रमाणपत्र, जो भी लागू हों, की स्वतः प्रमाणित प्रतियां ;

(छ) आवेदक के मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता के संबंध में चिकित्सीय प्रमाणपत्र जिसमें यह विशेष रूप से उल्लिखित हों कि आवेदक मादक या स्वापक वस्तु पर निर्भर नहीं है (प्ररूप ध-3) में ;

IndiaCode

(ज) प्ररूप 4 में किसी आवेदन की दशा में, वन्यजीव(संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) के अधीन सशक्त प्राधिकारी से अनुज्ञा के साथ नियम 35 के उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां ।

5. प्ररूप 2 या प्ररूप 3 में किसी अनुज्ञप्ति को प्रदान करने के लिए किसी कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्ररूप क-2 में प्रत्येक आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ होगा, अर्थात् :-

(क) आवेदक के पत्र शीर्ष पर लिखित बचनबंध नियम 2 के खंड 44 के अधीन परिभाषित उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित होगा ;

(ख) खंड (क) में निर्दिष्ट उत्तरदायी व्यक्ति की पुष्टि का बोर्ड द्वारा पारित संकल्प या किसी प्राधिकार पत्र की मूल प्रति ;

(ग) कंपनी के संस्थापक दस्तावेज जिसके अंतर्गत संगम ज्ञापन और अनुच्छेद भी है, तीन सत्यापित प्रतियां ;

(घ) अग्नायुध के सुरक्षित उपयोग और भंडारण का नियम 10 के उपनियम (4) में निर्दिष्ट बचनबंध ।

(6) संघ के सशस्त्र बलों के किसी सदस्य द्वारा आवेदन उसके कमांड अधिकारी के माध्यम से उस स्थान के संबंध में अधिकारिता रखने वाले अनुज्ञापन अधिकारी को जिसमें वह तत्समय नियुक्त है, को की जाएगी ।

(7) अनुज्ञापन प्राधिकारी अग्नायुध के सभी या किसी वर्ग के संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसरण में इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने से पहले आवेदक की वैयक्तिक उपस्थिति की अपेक्षा कर सकेगा ।

(8) आवेदक, आवेदन प्ररूप में कोई तथ्यात्मक जानकारी वह नहीं छुपाएगा या कोई मिथ्या या गलत जानकारी नहीं देगा ।

12. कतिपय मामलों में अनुज्ञापन प्राधिकारी की बाध्यताएं – (1) अधिनियम में अन्यथा उपबंधित प्रत्येक अनुज्ञापन प्राधिकारी उपनियम (2) या उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट मानकों के आवेदन को सम्यक् ध्यान में रखते हुए अनुसूची 1 में क्रमशः प्रवर्ग 1-ख और 1-ग या प्रवर्ग 3 में यथा विनिर्दिष्ट निर्बन्धित या अनुज्ञेय आयुध या गोला बारूद के लिए किसी व्यष्टि को प्ररूप 3 में अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा ।

(2) अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुसूची 1 में प्रवर्ग 1ख और 1ग में विनिर्दिष्ट निर्बन्धित आयुध या गोला बारूद के लिए किसी अनुज्ञप्ति को प्रदान करने के लिए आवेदन में निम्नलिखित विचार कर सकेगा –

(क) कोई व्यक्ति जो निम्नलिखित कारणों द्वारा उसके जीवन को गंभीर या संभावित खतरा है -

(i) किसी भौगोलिक क्षेत्र या क्षेत्रों का निवासी जहां उग्रवाद, आतंकवाद या चरमपंथी अत्यधिक सक्रिय है ; या

(ii) उग्रवादी, आतंकवादी या चरमपंथियों की दृष्टि में प्रमुख लक्ष्य के रूप में है ; या

(iii) उग्रवादियों, आतंकवादियों या चरमपंथियों के लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए विरोधी होने के कारण उसके जीवन को खतरा उत्पन्न हो गया है ; या

(ख) कोई सरकारी पदधारी जो अपने पद धारण करने के आधार पर उसे या उसके द्वारा पालन किए जा रहे कर्तव्यों के प्रकृति के अनुपालन में और/या अपने पदीय कर्तव्यों के सम्यक् निर्वहन में उसके जीवन में संभावित जोखिम होने का प्राकट्य है ;

(ग) कोई संसद् सदस्य या विधान सभा सदस्य जो उग्रवाद रोधी, आतंकवाद रोधी या चरमपंथी रोधी कार्यक्रमों में निकट या सक्रिय रूप से सहबद्ध होने के द्वारा और सरकारी नीतियों या राजनैतिक या अन्यथा मत रखने के कारण उसके जीवन में संभावित जोखिम के लिए प्राकट्य है ; या

(घ) कोई व्यक्ति जो अपने कर्तव्यों की प्रकृति या अनुपालन (भूत या वर्तमान) या सरकार में पद धारण करने की स्थिति (भूत या वर्तमान) या अन्यथा कोई ज्ञात या अनुज्ञात के लिए उसके जीवन में कोई संभावित जोखिम में डालता है का कोई कुटुंब का सदस्य या संबंधी या रक्त संबंधी ; या

(ङ) कोई व्यक्ति किसी विधि सम्मत या वास्तविक कारणों के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी के लिए समाधान होने पर इस संबंध में सकारण आदेश पारित करेगा :

परंतु इस उपनियम के अधीन कोई अनुज्ञप्ति प्रदान करने के पूर्व अनुज्ञापन प्राधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट और संबद्ध राज्य सरकार की सिफारिशों पर आधारित और पुलिस रिपोर्ट की परीक्षा पर तथा अपने स्त्रोत से पृथक् सत्यापन कराने के पश्चात् अपना समाधान होने पर कि आवेदक को ऐसी अनुज्ञप्ति की अपेक्षा है ।

(3) अनुज्ञापन प्राधिकारी धारा 13 की उपधारा (3) के खंड (क) में अंतर्विष्ट उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और अनुसूची 1 में प्रवर्ग 3 में विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय आयुध या गोला बारूद के लिए कोई अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए पुलिस रिपोर्ट पर और अपने स्वयं के निर्धारण के आधार पर निम्नलिखित के आवेदन पर विचार कर सकेगा -

(क) कोई व्यक्ति जो अपने कारबार, वृत्तिक या धंधा की प्रकृति द्वारा अपने जीवन और/या संपत्ति की सुरक्षा की वास्तविक अपेक्षा के लिए ; या

(ख) कोई समर्पित खेल व्यक्ति इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त किसी निशानेबाजी क्लब या किसी राइफल एसोसिएशन का कम से कम दो साल से सक्रिय सदस्य है और जो किसी संरचनात्मक शिक्षण प्रक्रिया में लक्ष्य के अभ्यास के लिए खेल निशानेबाजी को करना चाहता है ; या

(ग) रक्षा बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य पुलिस बल में सेवारत या सेवा की हैं, कोई व्यक्ति और जिनके जीवन और/या संपत्ति की रक्षा की वास्तविक अपेक्षा है ।

13. **अनुज्ञप्ति को प्रदान करने के लिए समयसीमा** - अनुज्ञापन प्राधिकारी आवेदन पर विचार करने के पश्चात् और समाधान हो जाने पर कि आवेदक पात्रता की शर्तों को पूर्ण करता हैं, किसी व्यक्ति को, पुलिस रिपोर्ट की प्राप्ति के साठ दिनों के भीतर अनुसूची 1 के प्रवर्ग 3 में विनिर्दिष्ट आयुध या गोला बारूद के अनुज्ञेय प्रवर्ग के लिए, ऐसा प्रदान करना या नामंजूर करने के लिए कारणों को लेखबद्ध करते हुए सकारण आदेश पारित करने के द्वारा कोई अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा या नामंजूर करेगा :

परंतु अनुज्ञापन प्राधिकारी आवेदक द्वारा आवेदन किए गए आयुध और गोला बारूद के प्रकार के लिए के कब्जे के लिए उसकी कारणों और आवश्यकता का निर्धारण करने के पश्चात् आवेदक द्वारा उपाप्त करने को आयुध और गोला बारूद के प्रकार को उसकी दीर्घकालिकता और फायर करने की शक्ति पर विचार करने के पश्चात् विनिर्दिष्ट करेगा ।

14. **अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए पुलिस की रिपोर्ट के लिए समयसीमा** - (1) अनुज्ञापन प्राधिकारी, धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन किसी अनुज्ञप्ति को प्रदान करने के लिए या धारा 15 के अधीन उसके प्रत्येक पश्चातवर्ती नवीनीकरण किसी आवेदन की प्राप्ति पर, उक्त आवेदन पर निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी को रिपोर्ट के लिए बुलाएगा और ऐसा अधिकारी उसे आवेदन की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर प्ररूप ध-4 में अपनी रिपोर्ट भेजेगा ।

(2) केन्द्रीय सरकार, उपनियम (1) में यथा विनिर्दिष्ट तीस दिन की अवधि को किसी साधारण या विशेष आदेश को जारी करके उसके द्वारा समुचित समझे गए किन्हीं कारणों के लिए कतिपय क्षेत्रों या राज्यों के लिए नब्बे दिन विस्तारित कर सकेगी ।

(3) अनुज्ञापन प्राधिकारी उपनियम (1) के अधीन तीस दिन की अवधि के भीतर या उपनियम (2) के अधीन विस्तारित अवधि के भीतर पुलिस रिपोर्ट के प्राप्त न होने की दशा में रिपोर्ट के लिए और अधिक प्रतीक्षा किए बिना अनुज्ञप्ति को प्रदान करने या नामंजूर करने के लिए लिखित में आदेश कर सकेगा ।

15. **अभिलेखों का इलैक्ट्रानिक रूप विधान में अनुरक्षण और अनुज्ञप्तियों का समेकन** – (1) अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट प्रत्येक अनुज्ञापन प्राधिकारी और नवीकरण प्राधिकारी जब किसी अनुज्ञप्ति को प्रदान करते हैं या किसी अनुज्ञप्ति का नवीकरण करते हैं, केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी इलैक्ट्रानिक रूप विधान में स्थानीय लेखा का डाटा प्रविष्ट करेंगे ।

(2) प्रत्येक अनुज्ञापन प्राधिकारी या नवीकरण प्राधिकारी ऐसे डाटा को एनडीएएल प्रणाली में भी प्रविष्ट करेंगे जो एक विशिष्ट पहचान संख्यांक व्युत्पन्न करेगा और 1 अप्रैल, 2017 से प्रभावी होगा, बिना विशिष्ट पहचान संख्यांक के बिना कोई आयुध अनुज्ञप्ति अविधिमान्य समझी जाएगी ।

(3) उपधारा (2) के अधीन इस प्रकार व्युत्पन्न विशिष्ट पहचान संख्यांक किसी अनुज्ञप्ति के लिए विशिष्ट होगा ।

(4) कोई विद्यमान अनुज्ञप्तिधारी प्ररूप 3 में बाहुल्य अनुज्ञप्तियां रखता है, 1 अप्रैल, 2017 को या उससे पूर्व उसके द्वारा धारित सभी अग्रायुधों के संबंध में अपनी विशिष्ट पहचान संख्यांक के अधीन एकल अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए संबंधित अनुज्ञापन प्राधिकारी को आवेदन करेगा :

परंतु जहां आवेदक अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट आयुध या गोला बारूद के प्रतिबंधित प्रवर्ग के लिए आवेदन करता है, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट आयुध या गोला बारूद के अनुज्ञेय प्रवर्ग के लिए किसी अनुज्ञप्ति का धारक भी है ; या जहां आवेदक आयुध या गोला बारूद के अनुज्ञेय प्रवर्ग के लिए आवेदन करता है और उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट आयुध या गोला बारूद के प्रतिबंधित प्रवर्ग के लिए किसी अनुज्ञप्ति का धारक भी है, संबंधित अनुज्ञप्ति प्राधिकारी अनुज्ञप्ति धारक को विद्यमान के अधीन, जहां लागू हों, आयुध या गोला बारूद के ऐसे निर्बन्धित या अनुज्ञेय प्रवर्ग के लिए नई अनुज्ञप्ति जारी करेगा :

परंतु यह और कि प्ररूप 2, प्ररूप 3 और प्ररूप 4 में प्रत्येक अनुज्ञप्ति की दशा में और किसी एकल विशिष्ट पहचान संख्यांक के अधीन तीन अग्नायुधों की किसी समग्र सीमा के साथ अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट आयुध और गोला बारूद के निर्बन्धित या अनुज्ञेय प्ररूप के लिए प्ररूप 3 में अनुज्ञप्ति की दशा में पृथक् अनुज्ञप्ति पुस्तिका सृजित करेगा ।

(5) उपनियम (4) के अधीन किसी बाहुल्य अनुज्ञप्ति धारक के किसी आवेदन प्ररूप की प्राप्ति पर अनुज्ञापन प्राधिकारी आवेदक के विद्यमान बाहुल्य अनुज्ञप्तियों को निरस्त करेगा और उसके स्थान पर उक्त अनुज्ञप्तिधारी को सभी विद्यमान अग्नायुधों के लिए उसमें उसमें पृष्ठांकित कर नई अनुज्ञप्तियां जारी करेगा ।

(6) उपनियम (4) के अधीन अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार जारी नए अनुज्ञप्तियों की विद्यमानतः अवधि निरस्त की गई किसी अनुज्ञप्ति में वर्णित अधिकतम अवधि होगी और क्षेत्र विद्यमानतः निरस्त अनुज्ञप्तियों में से किसी में अधिकतम विस्तारित क्षेत्र नई अनुज्ञप्तियों पर पृष्ठांकित होगा ।

16. **एनडीएएल के अधीन अनुज्ञापन प्राधिकारी के कर्तव्य** – (1) अनुज्ञापन प्राधिकारी जब किसी अनुज्ञप्ति को प्रदान या उसका नवीकरण करता है या इन नियमों के अधीन किसी अनुज्ञप्तिधारी को कोई संबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराते समय यह सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा अनुमोदित संव्यवहार का डाटा स्थानीय इलैक्ट्रानिक रूप विधान के साथ-साथ उसकी लॉगइन पहचान के अधीन एनडीएएल प्रणाली पर भी अद्यतन हो जाए :

परंतु अनुज्ञप्तिधारी इलैक्ट्रानिक रूप विधान में ऐसे डाटा के अद्यतान होने को अनुज्ञापन प्राधिकारी के भाग पर किसी असफलता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

(2) अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुसूची 5 के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट विभिन्न सेवाओं के, उक्त अनुसूची के स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रदान करने के अनुपालन को सुनिश्चित करेगा ।

17. **किसी बाह्य अनुज्ञापन प्राधिकारी से अनुज्ञप्ति का रजिस्ट्रीकरण और विद्यमान अनुज्ञापन प्राधिकारी से पते का परिवर्तन** - (1) यदि कोई व्यक्ति जो प्ररूप 3 में अनुज्ञप्ति रखता है, निवास स्थान में परिवर्तन, स्थायी या छः मास से अधिक की अवधि के लिए अस्थायी रूप में करता है और अनुज्ञप्ति के अधीन आयुध को अपने साथ वहन करता है जो अनुज्ञप्ति में दर्शित विद्यमान अनुज्ञापन प्राधिकारी की अधिकारिता से भिन्न किसी अन्य स्थान में आता है, वह छः मास की अवधि के समाप्त होने के तत्काल पूर्व अपने नए निवास स्थान को अनुज्ञापन प्राधिकारी को ऐसे परिवर्तन की सूचना भेजेगा और मांगने पर उसके साथ अनुज्ञप्ति को प्रस्तुत करेगा तथा प्ररूप ख -1 में नए आयुध या आयुधों के लिए नई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करेगा और उसमें अपने नए निवास की विशिष्टियों को दर्शित करेगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्ररूप ख-1 में कोई आवेदन प्राप्त होने पर अनुज्ञप्तिधारी के निवास के नए स्थान का अनुज्ञापन प्राधिकारी पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर एनडीएएल प्रणाली में अनुज्ञप्तिधारी का रजिस्टर, जहां अनुज्ञप्तिधारी का विशिष्ट पहचान संख्यांक सक्रिय है और उसकी अधिकारिता को अंतरित करेगा तथा, यथास्थिति, मूल अनुज्ञापन प्राधिकारी या अंतिम नवीकरण प्राधिकारी के अभिलेख से उसे असक्रिय करेगा और इसके पश्चात् एक नई अनुज्ञप्ति पुस्तिका अनुज्ञप्तिधारी को जारी करेगा तथा ऐसे नए प्राधिकारी उक्त अनुज्ञप्ति के संबंध में अनुज्ञप्ति या नवीकरण प्राधिकारी होंगे ।

(3) जहां अनुज्ञप्तिधारी अपने निवास के स्थायी स्थान को विद्यमान अनुज्ञापन प्राधिकारी की अधिकारिता के भीतर परिवर्तन करता है वह इसकी सूचना अनुज्ञापन प्राधिकारी को अपने नए निवास स्थान के सबूत के साथ देगा और यदि ऐसे परिवर्तन के परिणामस्वरूप पुलिस थाने की अधिकारिता में परिवर्तन होता है, के साथ वह अपने नए निवास के स्थान की पुलिस थाने को भी सूचना देगा तथा अनुज्ञापन प्राधिकारी पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर एनडीएएल प्रणाली में अनुज्ञप्तिधारी के निवास में परिवर्तन को रजिस्टर करेगा, जहां अनुज्ञप्तिधारी का नए पुलिस थाने के अधीन विशिष्ट पहचान संख्यांक सक्रिय करेगा तथा अंतिम पुलिस थाने से उसे असक्रिय करेगा ।

18. **आयुध के कब्जे के लिए अनुज्ञा के पश्चात् अनुज्ञप्ति को प्रदान करना** – जहां अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अर्जित आयुध के कब्जे के लिए प्ररूप 2, प्ररूप 3, प्ररूप 4 या प्ररूप 5 में अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है तत्पश्चात् अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, प्राधिकारी अनुज्ञप्ति प्रदान करते समय अनुज्ञप्ति के अधीन आने वाले आयुध के लिए निदेश दे सकेगा कि दो वर्ष की अवधि के भीतर अर्जित करना होगा या आयुध या दोनों उसके निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करना होगा और यदि दो वर्ष की अवधि के भीतर अनुज्ञप्तिधारी आयुध को अर्जित करने में तथा अनुज्ञप्ति देने में असफल रहता है या, यथास्थिति, आयुध या दोनों अनुज्ञप्ति समाप्त हो जाएगी :

परंतु अनुज्ञापन प्राधिकारी दो वर्ष की अवधि को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्राप्त लिखित प्रतिवेदन के आधार पर एक वर्ष की और अवधि के लिए ऐसे विस्तार को प्रदान करने के लिए कारणों को लेखबद्ध करने के पश्चात् विस्तारित कर सकेगा :

परंतु यह और कि, यथास्थिति, यदि दो वर्ष की अवधि या एक वर्ष की विस्तारित अवधि के दौरान अनुज्ञप्तिधारी किसी भिन्न वर्णन के किसी आयुध या आयुधों को अर्जित करने या कब्जे में रखने की इच्छा करता है और अनुज्ञापन प्राधिकारी को ऐसे आयुध या आयुधों के अर्जन और कब्जे में अनुज्ञात करने को कोई आपत्ति नहीं है वह तद्नुसार अनुज्ञप्ति को संशोधित कर सकेगा :

परंतु यह और भी कि जहां अनुज्ञप्तिधारी अपने निवास स्थान में परिवर्तन अनुज्ञप्ति प्रदान करने के पश्चात्, किंतु ऐसे आयुध के अर्जन से पूर्व करता है, वह अपने नए निवास स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष अनुज्ञप्ति या आयुध या दोनों निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करेगा जहां अनुज्ञप्ति स्थानांतरित की गई है और उक्त प्राधिकारी ऐसे आयुध के निरीक्षण पर एनडीएएल प्रणाली पर जानकारी रजिस्टर और अद्यतन करेगा :

परंतु यह और भी कि इस नियम के उपबंध किसी अतिरिक्त आयुध या आयुधों के किसी अर्जन पर जहां अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति प्रदान करने के पश्चात् अर्जित करने की वांछा कर सकेगा, तीन अग्नायुधों की समग्र सीमा के अधीन रहते हुए किसी नए अर्जन के रूप में पहले से ही उसके कब्जे में या अन्यथा आयुध या आयुधों के जो पूर्व में ही उसके कब्जे में है या अन्यथा विक्रय या अंतरण या निपटान के खाते में यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे ।

19. **अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता क्षेत्र का विस्तार** – (1) प्ररूप 3 में किसी अनुज्ञप्ति के धारक से आवेदन की प्राप्ति पर अनुज्ञापन प्राधिकारी उसकी अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट विधिमान्यता के क्षेत्र का विस्तार कर सकेगा, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि शर्तों के अधीन रहते हुए ऐसे विस्तार की आवश्यकता है, अनुज्ञापन प्राधिकारी क्षेत्र के संबंध में जिसके संबंध में ऐसा विस्तार चाहा गया है, अनुज्ञप्ति प्रदान करने की शक्ति है ।

(2), अनुसूची 2 के स्तंभ 5 में यथा विनिर्दिष्ट अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संपूर्ण भारत के लिए क्षेत्र विधिमान्यता के विस्तार के लिए आवेदन अनुज्ञप्तिधारी के निम्नलिखित प्रवर्गों के संबंध में प्रदान कर सकेगा, अर्थात् :-

(क) संघ के मंत्री या संसद् सदस्य ;

(ख) रक्षा बलों या केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कार्मिक ;

(ग) अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी ;

(घ) सरकार या सरकारी सेक्टर के उपक्रम या पब्लिक सेक्टर के अधिकारी जिन पर भारत में कहीं भी सेवा का दायित्व है ;

(ङ) समर्पित खेल व्यक्ति और नियम 40 के उपनियम (2) की सारणी के क्रम संख्यांक 1 से 4 तक विनिर्दिष्ट खेल व्यक्ति ।

(3) अन्य मामलों में जहां अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि विद्यमान अधिकारिता से परे आयुध को उसे ले जाने की अपेक्षा आवेदक के कारबार या वृत्तिक प्रकृति में है और ऐसी अपेक्षा इन नियमों के प्ररूप 11 में किसी यात्रा अनुज्ञप्ति के जारी करने से पूरी नहीं की जा सकती है । आवेदक अनुसूची 2 के स्तंभ 5 में विनिर्दिष्ट अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा विद्यमान क्षेत्र के आवेदन को संपूर्ण भारत के लिए प्रदान कर सकेगा ।

20. **व्यष्टिकों के लिए अतिरिक्त अनुज्ञप्ति** - (1) कोई अनुज्ञप्तिधारी प्ररूप 3 में अनुसूची 1 में यथाविनिर्दिष्ट अग्नायुध के अनुज्ञेय प्रवर्ग के लिए अपने निकट संबंधी, जो प्ररूप 3 में कोई अनुज्ञप्ति का धारण नहीं करते है और जो अनुज्ञप्ति में दिए गए पते में उसके साथ निवास करते है उसकी अनुज्ञप्ति द्वारा आने वाले आयुध या गोला बारूद का कब्जे में रखने, वहन करने या उसे उपयोग करने के लिए, किन्हीं दो के लिए अतिरिक्त अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन कर सकेगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी अधिनियम और उक्त अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अधिनियम और इन नियमों के अधीन यदि पात्रता शर्तें पूरी की जाती है तथा पुलिक रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है, अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारियों को अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा।

(2) किसी पृथक् अनुज्ञप्ति को उसकी विशिष्ट पहचान संख्यांक के अधीन अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी को मूल अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित आयुध और गोला बारूद के साथ पृथक् अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी :

परंतु अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी अपनी अनुज्ञप्ति पर कोई आयुध या गोला बारूद अर्जित करने के लिए अनुज्ञात नहीं होगा ।

(3) अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी इस नियम के अधीन किसी अतिरिक्त अनुज्ञप्ति धारण की अवधि के दौरान अपनी व्यक्तिगत हैसियत में कोई अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करेगा ।

(4) अनुज्ञापन प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि मूल अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारियों के ब्यौरें और विधिमान्यता की अवधि तथा अतिरिक्त अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता का क्षेत्र मूल अनुज्ञप्ति के साथ समरूप है तथा यदि मूल अनुज्ञप्ति निलंबित, प्रतिसंहारण या रद्दकरण है, उपरोक्त के अधीन रहते हुए अतिरिक्त अनुज्ञप्ति के समान परिणाम होंगे ।

(5) अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी अपनी अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित आयुध और गोला बारूद का विक्रय या अंतरण नहीं कर सकेगा ।

(6) मूल अनुज्ञप्तिधारी के परिसर से कोई अतिरिक्त अनुज्ञापन प्राधिकारी अस्थायी रूप से या स्थायी रूप से दूसरे स्थान पर चला जाता है, ऐसी अतिरिक्त अनुज्ञप्ति स्वतः व्यपगत हो जाएगी और व्यक्ति जिसे ऐसी अतिरिक्त अनुज्ञप्ति जारी की गई है अनुज्ञापन प्राधिकारी को अपनी अनुज्ञप्ति वापस कर देगा जिसमें उसे ऐसी अनुज्ञप्ति जारी की है तथा अनुज्ञापन प्राधिकारी को ऐसी सूचना देने के लिए मूल अनुज्ञप्तिधारी का उत्तरदायित्व होगा ।

(7) मूल अनुज्ञप्तिधारी मूल अनुज्ञप्ति के साथ किसी आवेदन के द्वारा अपनी अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारियों की किसी अनुज्ञप्ति को प्रतिसंहरित या निरस्त करने के लिए अनुरोध कर सकेगा और ऐसी सभी दशाओं में अनुज्ञापन प्राधिकारी अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्तियां प्रसंहारण या रद्द करेगा ।

स्पष्टीकरण – इन नियमों के प्रयोजन के लिए 'निकट संबंधियों' से पति-पत्नी, पुत्र, पुत्री, भाई और बहिन अभिप्रेत है ।

21. **छूटधारक के लिए प्रतिधारक** – (1) अनुज्ञप्ति अपेक्षाओं के लिए अधिनियम की धारा 41 के अधीन छूट प्राप्त किसी व्यक्ति द्वारा अपने प्रतिधारक को कोई व्यक्ति नामनिर्दिष्ट प्रदान करने को प्ररूप 3क में आयुध या गोला बारूद को कब्जे में रखने या वहन करने के लिए प्रदान होगी :

परंतु इस प्रकार छूट प्राप्त व्यक्ति के प्रतिधारक को अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले आयुध और गोला बारूद के उपयोग का कोई अधिकार या स्वतंत्रता नहीं होगी और उस दिन जिसको यह प्रवृत्त हुआ है, अनुज्ञप्ति विरत हो जाएगी जिसको इस प्रकार छूट प्राप्त व्यक्ति को छूट दे देता है या छूट प्राप्त के नामनिर्देशिती को प्रतिधारक विरत हो जाएगा ।

(2) अनुज्ञापन प्राधिकारी उपधारा (2) के अधीन नामनिर्दिष्ट प्रतिधारक के पूर्ववृत्त के बारे में पुलिस से रिपोर्ट प्राप्त करेगा और प्ररूप 3क में अनुदत्त किसी अनुज्ञप्ति के प्रतिधारक के रूप में उसे स्वीकार करने से पहले ऐसी रिपोर्ट को विचार में लेगा ।

22. **कंपनी के लिए प्रतिधारक** – (1) किसी कंपनी के लिए किसी कंपनी के अपने परिसर और संपत्ति की संरक्षा के लिए प्ररूप 2 या प्ररूप 3 में प्रदान की गई किसी अनुज्ञप्ति किसी उत्तरदायी व्यक्ति के नाम (पदनाम सहित) जो आयुध और गोला बारूद की अभिरक्षा के लिए जवाबदार और उत्तरदायी है ।

(2) किसी सेवक या कोई अन्य व्यक्ति का नाम जिसे कंपनी के परिसर या संपत्ति के रक्षण के लिए आयुध और गोला बारूद सौंपे गए है, अनुज्ञप्ति में प्रतिधारक के रूप में प्रविष्ट होगा ।

(3) अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुज्ञप्ति में दर्शित ऐसे प्रतिधारक के प्रत्येक के लिए प्ररूप 3ख में अनुज्ञा अनुज्ञप्तिधारी को जारी करेगा और ऐसी अनुज्ञा कंपनी के उत्तरदायी वैयक्तिक अभिरक्षा में बनी रहेगी तथा अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले आयुध और गोला बारूद के साथ सौंपी जाएगी जब अभिरक्षक को उसे हस्तगत किया जाता है :

परंतु प्रतिधारक के लिए आवेदन करते समय अनुज्ञप्तिधारी प्ररूप 3 में आवेदन के साथ प्रतिधारक के चार नवीनतम पासपोर्ट आकार के चित्र कंपनी में उसकी नियुक्ति और उसके नियोजन के साथ देगा :

परंतु यह और कि अनुज्ञापन प्राधिकारी प्रतिधारक के पूर्व वृत्तिक के बारे में पुलिस से रिपोर्ट प्राप्त करेगा और प्रतिधारक के रूप में उसे स्वीकार करने से पहले उसे विचार में लेगा ।

(4) कंपनी के उत्तरदायी व्यक्ति के परिवर्तन के लिए प्ररूप 2 या प्ररूप 3 में अनुज्ञप्तिधारी किसी कंपनी से आवेदन पर जिसका नाम अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है या कोई प्रतिधारक जिसके अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारी भी है, अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति में आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे ।

23. **ब्रीच, भरण, अग्नायुध में प्रयुक्त गोला बारूद की परिमाण पर निर्बन्धन** – (1) प्ररूप 2, प्ररूप 3 या प्ररूप 4 में प्रदान किए गए अनुज्ञप्ति के लिए इस अधिनियम और इन नियमों के प्रयोजन के लिए ब्रीच भरण अग्नायुध के लिए निम्नलिखित निर्बन्धनों के अधीन होंगे, अर्थात् :-

किसी कैलेंडर वर्ष के दौरान अधिकतम खरीद योग्य (प्रति अग्नायुध)	200
किसी एक समय पर अधिकतम कब्जे में (प्रति अग्नायुध)	100

(2) (क) उपनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी संबद्ध राज्य सरकार गुणावगुण के आधार पर और कारणों को लेखबद्ध करते हुए उचित और पर्याप्त आधार पर मामले की आपवादिक मामलों में गोला बारूद की अधिकतम परिमाण को अनुज्ञात कर सकेगा ।

(ख) केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय इस संबंध में किसी साधारण या विशेष आदेश को जारी कर ऐसे आपवादिक मामलों में गोला बारूद के अधिकतम परिमाण को ज्ञात कर सकेगा ।

24. **अनुज्ञप्ति का नवीकरण** –(1) प्रत्येक अनुज्ञप्ति उसकी समाप्ति पर और उसको प्रदान करते समय ऐसी शर्तों (यदि कोई हों) के अधीन रहते हुए पुलिस रिपोर्ट की प्राप्ति के तीस दिन की अवधि के भीतर नवीकरण प्राधिकारी के रूप में अनुसूची 2 में वर्णित प्राधिकारी द्वारा नवीकरण होगा :

परंतु इस प्रकार नवीकृत अनुज्ञप्ति नियम 5 के अधीन राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विशिष्ट रूप से सशक्त किसी अधिकारी द्वारा द्वारा अनुज्ञप्ति के समुचित खाने में हस्ताक्षरित होगी ।

(2) आयुध और गोला बारूद के लिए किसी अनुज्ञप्ति नवीकरण के लिए कोई आवेदन ऐसे प्ररूप में जिसमें विनिर्दिष्ट उक्त अनुज्ञप्ति के समाप्त होने के कम से कम साठ दिन पूर्व, प्ररूप में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी को फाइल होगा :

परंतु नियम 48 के उप नियम (1) के अधीन जमा किए गए आयुध और गोला बारूद की दशा में, जमाकर्ता द्वारा या तो नवीकरण आवेदन फाइल होगा जहां यह संभव नहीं है, आवेदन सीधे व्यवहारी या उसके द्वारा इस निमित्त लिखित में प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा फाइल होगा जब कि आयुध या गोला बारूद का इस प्रकार जमा रहना जारी रहता है ।

(3) किसी अनुज्ञप्ति को जारी करने वाला प्राधिकारी अनुज्ञप्ति के सभी भविष्यकाल में नवीकरण निगरानी के लिए मामूली तौर पर उत्तरदायी होगा :

परंतु जहां अनुज्ञप्तिधारी अपने निवास के स्थान छः मास से अधिक अवधि के लिए स्थायी या अस्थायी रूप से परिवर्तन को अधिसूचित करता है, जिले के अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को जिसमें ऐसा नवीकरण चाहा गया है, उक्त जिले का अनुज्ञापन प्राधिकारी उसकी अनुज्ञप्ति के सभी भविष्यकालिक नवीकरण की निगरानी के लिए उत्तरदायी होगा ।

(4) किसी अनुज्ञप्तिधारी के संबंध में जिसने उपनियम (3) के अधीन निवास के परिवर्तन को अधिसूचित किया है, नया नवीकरण प्राधिकारी नियम 17 में विनिर्दिष्ट उपबंधों के अनुसरण में अपनी अधिकारिता के अधीन अनुज्ञप्तिधारी के रजिस्टर करेगा और उसके नवीकरण को निष्पादित करेगा और उसके पश्चात् मूल जारी करने वाले या अंतिम नवीकरण प्राधिकारी को सूचित करेगा ।

(5) अनुज्ञापन प्राधिकारी किसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए किसी आवेदन पर उस समय विचार कर सकेगा, यदि उसके समाप्त होने की तारीख और आवेदन की तारीख के बीच की अवधि उसकी राय में, मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए असम्यक रूप से दीर्घ नहीं है और सभी नवीकरण फीसों का संदाय कर दिया गया है; अन्यथा ऐसे आवेदन को नई अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन के रूप में माना जाएगा ।

(6) अनुज्ञापन प्राधिकारी, राज्य सरकार द्वारा सभी या किसी वर्ग के अग्न्यायुधों के संबंध में जारी किन्हीं अनुदेशों के अनुसार, इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति का नवीकरण करने से पूर्व आवेदक की निजी उपस्थिति की अपेक्षा कर सकेगा ।

25. विधिक उत्तराधिकारियों को अनुज्ञप्ति की मंजूरी – (1) अनुज्ञापन प्राधिकारी, -

(क) अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु के पश्चात्, उसके विधिक उत्तराधिकारियों को अनुज्ञप्ति मंजूर कर सकेगा; या

(ख) किसी अन्य मामले में, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त करने पर या पच्चीस वर्ष तक अग्न्यायुध धारण करने पर, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी विधिक उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति मंजूर कर सकेगा:

परंतु बशर्ते इस नियमावली के नियम 12 में निहित प्रावधानों के विद्यमान होते हुए भी, अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे विधिक उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा यदि उक्त विधिक उत्तराधिकारी द्वारा अधिनियम और इन नियमों के अधीन पात्रता शर्तें पूरी की जाती हैं और पुलिस रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं हैं ।

(2) जहां कोई अनुज्ञप्तिधारी अपने पीछे एक से अधिक विधिक उत्तराधिकारी छोड़ता है और ऐसे विधिक उत्तराधिकारी स्वयं से मृतक के आयुध या आयुधों को धारित करने का विनिश्चय करते हैं, वहां सभी अन्य विधिक उत्तराधिकारियों द्वारा नाम निर्दिष्ट कोई एक विधिक उत्तराधिकारी निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपनियम (1) के अधीन अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर सकेगा, अर्थात्;-

(i) शेष बचे विधिक उत्तराधिकारियों से निराक्षेप की घोषणा;

(ii) आवेदक द्वारा निष्पादित किए जाने वाले क्षतिपूर्ति बंधपत्र, जिसमें अनुज्ञप्ति के पूर्ण ब्यौरे दिए गए हैं और उन पर आयुधों को पृष्ठांकित किया गया हो; और

(iii) मृतक अनुज्ञप्तिधारी के मृत्यु प्रमाणपत्र की एक प्रति ।

(3) जहां विधिक उत्तराधिकारी मृत अनुज्ञप्तिधारी की अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित आयुध या आयुधों का व्ययन करने का विनिश्चय करते हैं, वहां वे अनुज्ञापन प्राधिकारी को, ऐसे प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात समय के भीतर किसी अनुज्ञप्ति व्यौहारी या इन नियमों के अधीन आयुध को रखने के लिए हकदार किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे आयुध या आयुधों का विक्रय करने के लिए सीमित अवधि अनुज्ञापत्र मंजूर करने के लिए आवेदन कर सकेंगे ।

स्पष्टीकरण –

इस नियम में, 'विधिक उत्तराधिकारी' पद में अनुज्ञप्तिधारी या मृत अनुज्ञप्तिधारी का पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, दामाद, वधु, भाई, बहन और पौत्र आदि सम्मिलित हैं।

26. कतिपय अनुज्ञप्तियों का पुस्तक रूप में होना – एनडीएलएल प्रणाली में अनुज्ञप्तिधारी के यूआईएन के अधीन सृजित प्ररूप 2, प्ररूप3, प्ररूप 4 या प्ररूप5 की अनुज्ञप्ति पुस्तक रूप में होगी, जिसे क्रमानुसार संख्यांकित किया जाएगा और वह नियमों में विनिर्दिष्ट प्ररूप का कड़ाई से पालन करेगी और व्यष्टियों की दशा में, उसमें अनुज्ञप्तिधारी का नवीनतम फोटो भी अंतर्विष्ट होगा :

परंतु अग्न्यायुधों के निर्बंधित प्रवर्गों के लिए अनुज्ञप्ति पुस्तक गाढ़े भूरे लाल रंग की होगी और अग्न्यायुधों के अनुज्ञेय प्रवर्गके लिए उसका रंग गहरा नीला होगा;

परंतु यह और कि अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुज्ञप्ति पुस्तक को स्थानीय रूप से मुद्रित करा सकेगा साथ ही उसे क्रम संख्यांकित करेगा तथा अनुसूची 4 में विनिर्दिष्ट किए अनुसार अनुज्ञप्ति पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए फीस का उदग्रहण कर सकेगा।

27. अनुज्ञप्तियों के लिए फीस – (1) (क) इन नियमों के अधीन मंजूर या नवीकृत की गई प्रत्येक अनुज्ञप्ति के लिए, इसमें अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित के सिवाय, अनुसूची 4 में विनिर्दिष्ट फीस (यदि कोई हो) प्रभारित की जाएगी।

(ख) ऐसे किसी मामले में, जहां फीस को किसी वर्ष के लिए विहित किया गया है, वहां वर्ष के किसी भाग के लिए उदग्रहणीय फीस वही होगी, जो पूर्ण वर्ष के लिए है।

(2) जहां कोई अनुज्ञप्तिधारी, उस अवधि के, जिसके लिए अनुज्ञप्ति मंजूर की गई थी, अवसान के पश्चात् अपनी अनुज्ञप्ति के नवीकरण केलिए आवेदन प्रस्तुत करता है, वहां अनुज्ञापन प्राधिकारी, यदि वह अपने विवेकानुसार अनुज्ञप्ति को नवीकृत करने का विनिश्चय करता है, -

